भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 732

जिसका उत्तर 26 जुलाई, 2021 को दिया जाना है।

.....

नमामि गंगे कार्यक्रम पर व्यय की गई निधि का ब्यौरा

732 श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नमामि गंगे कार्यक्रम (एनजीपी) की शुरुआत से अब तक इसके अंतर्गत राज्य-वार और वर्ष-वार कुल कितनी निधि आवंटित की गई और उपयोग में लाई गई;

(ख) परियोजना के अतंर्गत राज्य-वार कुल कितनी परियोजनाएं संस्वीकृत हुई और उनके लिए कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ग) अब तक राज्य-वार कुल कितनी परियोजनाएं वास्तव में पूरी की गई है; और

(घ) योजना के अधीन कुल कितनी निधि अप्रयुक्त है?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री (श्री गजेंद्र सिंह शेखावत)

(क) : भारत सरकार ने राष्ट्रीय गंगा नदी और इसकी सहायक नदियों के प्रदूषण को कम करने, उनके संरक्षण और पुनरूद्धार के दो उद्देश्यों को पूरा करने के लिए 20,000 करोड़ रूपए के कुल बजटीय परिव्यय के साथ जून, 2014 में नमामि गंगे कार्यक्रम की शुरूआत की है। कार्यक्रम के लिए बजट जल शक्ति मंत्रालय के अनुदान की मांग में उपलब्ध कराई जाती है। आबंटित एवं उपयोग की गई निधि वित्तीय वर्ष 2014-15 से 30 जून, 2021 तक नीचे सारणीबद्ध है:-

वित्तीय वर्ष	अंतिम आबंटन (करोड़ रूपये में)	भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा जारी की गई वास्तविक निधि (करोड़ रूपये में)
2014-15	2,053.00	326.00
2015-16	1,650.00	1,632.00
2016-17	1,675.00	1,675.00
2017-18	3,023.42	1,423.12
2018-19	2,370.00	2,307.50
2019-20	1,553.44	1,553.40
2020-21	1,300.00	1,300.00
2021-22*	1450.02**	575.00
Total	15,074.88	10,792.02

(* 30 जून, 2021 तक)

(**बजट अनुमान)

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा जारी/खर्च की गई निधियां राज्य-वार और वर्ष-वार **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

(ख) और (ग): नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, गंगा नदी के स्वच्छता एवं पुनरूद्धा के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यों की शुरूआत की गई है । इसमें घरेलू सीवेज, औद्योगिक बहिस्राव, ठोस अपशिष्ट आदि सहित प्रदूषण कम करने, नदी तट प्रबंधन, अविरल धारा ग्रामीण स्वच्छता, वानिकीकरण, जैव विविधता संरक्षण, सार्वजनिक हिस्सेदारी आदि जैसी गतिविधियां शामिल हैं। 80,235 करोड़ रूपए की संस्वीकृत लागत से कुल 346 परियोजनाएं आरंभ हुई हैं, जिसमें से 158 परियोजनाए पूरी की ली गई हैं ।

संस्वीकृत परियोजनाओं की राज्य-वार ब्यौरा, उसके लागत आवंटन एवं पूरी की गइ परियोजनाएं **अनुलग्नक-II** में संलग्न है।

(घ): 30 जून, 2021 तक, नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत 1040.63 करोड़ रूपए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के लिए उपलब्ध थे।

*****

अनुलग्नक-I

"नमामि गंगे कार्यक्रम पर व्यय की गई निधि का ब्यौरा" के संबंध में दिनांक 26.07.2021 को राज्य सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 732 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा जारी/व्यय की गई राज्यवार एवं वर्षवार धनराशि

(*करोड़ रूपये में*)

राज्य	वित्त वर्ष 2014-15	वित्त वर्ष 2015-16	वित्त वर्ष 2016-17	वित्त वर्ष 2017-18	वित्त वर्ष 2018-19	वित्त वर्ष 2019-20	वित्त वर्ष 2020-21	वित्त वर्ष 2021-22*	कुल
उत्तराखंड	4.26	37.04	43.97	242.49	341.44	128.20	124.82	79.54	1001.76
उत्तर प्रदेश	74.58	153.35	602.90	549.88	823.77	821.09	472.46	37.58	3,535.61
बिहार	----	124.23	82.03	367.18	673.03	1,185.17	194.43	5.68	2,631.75
झारखंड	0.97	27.83	49.53	21.72	74.23	30.50	28.03	1.73	234.54
पश्चिम बंगाल	73.85	185.79	117.25	249.35	227.62	70.60	105.06	0.94	1,030.46
दिल्ली	----	4.96	2.17	81.57	310.69	214.47	235.00	----	848.86
हरियाणा	----	30.00	52.73	6.88	----	----	----	----	89.61
पर्यावरण योजना एवं समन्वय संगठन, जबलपुर, मध्य प्रदेश	----	3.39	6.50	----	----	----	----	----	9.89
शहरी सुधार ट्रस्ट, कोटा, राजस्थान	----	----	20.00	----	----	----	----	----	20.00
सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग, हिमाचल प्रदेश	----	----	----	----	----	----	1.25	----	1.25
अन्य बेसिन-वार इंटरवेंशन सहित एनएमसीजी के व्यय	17.33	36.01	85.73	105.94	175.76	223.06	178.92	21.98	844.73
कुल	**170.99**	**602.60**	**1,062.81**	**1,625.01**	**2,626.54**	**2,673.09**	**1,339.97**	**147.45**	**10,248.46**

(* 30 **जून**, 2021 **तक**)

अनुलग्नक-II

"नमामि गंगे कार्यक्रम पर व्यय की गई निधि का ब्यौरा" के संबंध में दिनांक 26.07.2021 को राज्य सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 732 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

स्वीकृत परियोजनाएं, उनकी लागत आवंटन और पूर्ण की गई परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण

क्र. □□	राज्य	परियोजनाओं की सं.	स्वीकृत/आवंटित राशि (करोड़ रुपये में)	□□□किए गए परियोजनाओं की सं.
1	उत्तराखंड	59	1659.17	45
2	उत्तर प्रदेश	104	12307.37	45
3	बिहार	53	6086.18	11
4	झारखंड	13	315.92	7
5	पश्चिम बंगाल	62	4180.39	35
6	दिल्ली	12	2365.39	2
7	हिमाचल प्रदेश	1	11.57	0
8	हरियाणा	2	217.87	2
9	राजस्थान	1	258.48	0
10	अन्य	39	2832.9	11
	□□□	346	30235.24	158

*****